

### दिसंबर में होगा बिग बैश का नया सीजन

बिग बैश लीग का 11 सीजन 5 दिसम्बर से शुरू हो जाएगा। जोकि लगभग डेढ़ महीना तक चलेगा है। इस सीजन का फाइनल मुकाबला 28 जनवरी 2022 को खेला जाएगा। इस सीजन का पहले एलिमिनेटर मुकाबला 21 जनवरी को होगा। उसके बाद लगातार तीन दिन तक क्वालीफायर और नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे। इस लीग का चौलेंजर मुकाबला बुधवार यानि 26 जनवरी की रात को खेला जाएगा। फाइनल 28 जनवरी को रखा गया है।

## बिग बैश लीग में फिर लौटा यह जोरदार नियम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। कोरोना महामारी के चलते ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट लीग बिग बैश ने अपने पिछले सीजन में बसनेजमत बंतअंद फॉर्मेट का इस्तेमाल किया था। बिग बैश के आने वाले सीजन में ऐसा नहीं देखने को मिलेगा क्योंकि बिग बैश वापस अपने पुराने होम–अवे फॉर्मेट पर लौट आएगा।

लीग कोरोना के मामलों को लेकर बिलकुल बारीकी से नजर रखेगी। इस आने वाले सीजन में एक टीम अपने घर में सात मैच खेलेगी और बाकी के सात मैच दूसरे टीम के होम ग्राउंड पर खेलेंगी। टोटल 14 स्टेडियम में यह बिग बैश लीग के मैच खेले जाएंगे जो कि 7 राज्यों और क्षेत्रों में स्थित है।

बिग बैश लीग के साथ–साथ क्रिकेट के दीवानों का दुगना मजा आजाएगा क्योंकि बिग बैश लीग के साथ–साथ एशेज सीरीज भी शुरू हो जाएगी। एशेज सीरीज देखने में हम सभी को बेहद मजा आता है। फिर इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कौन से देश में रहते है और हमारी फेवरेट कौन सी टीम है।

## न्यूज डायरी



### पुराने दोस्तों को नहीं भूले धोनी, विंटेज कार के सामने खाया खाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी अपने धुन में रहने वाले शख्स हैं। भेड़ चाल में विश्वास नही रखते। अपने मन की सुनते और दिल की करते हैं। दूसरे क्रिकेटर्स की तरह सोशल मीडिया पर शो बाजी भी उन्हें पसंद नहीं। और न ही किसी तरह का कोई बयान देकर मीडिया की सुर्खियां बटोरने का हथकंडा अपनाते हैं। बावजूद इसके सोशल मीडिया पर उनसे ज्यादा फैन फॉलोइंग शायद ही किसी भारतीय खिलाड़ी की हो। पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के अकाउंट से हमें उनकी खबर मिलती रहती है। अब उनके किसी फैन अकाउंट से एक तस्वीर पोस्ट की गई है। जहां माही अपने पुराने दोस्तों के साथ खाना खाते नजर आ रहे हैं। फोटो में धोनी के साथ दोस्त सीमंत लोहानी और एक शख्स दिख रहा है। बैकग्राउंड में एक लग्जरी कार नजर आ रही है। इंटरनेट पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व भारतीय कप्तान ने रोल्स रॉयस की विंटेज कार खरीदी है।

### पाकिस्तान टीम की शर्मनाक हार पर भड़के शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। कोरोना के चलते जब इंग्लैंड की नियमित टीम पूरी तरह बदल गई तब ऐसा लगा था कि पाकिस्तान के पास सीरीज जीतने का शानदार मौका है। लेकिन इंग्लैंड की बी टीम ने ही पाकिस्तान को बुरी तरह मात दी। इंग्लैंड ने तीन वनडे इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में 3–0 से जीत हासिल की। पाकिस्तान के इस शर्मनाक प्रदर्शन पर टीम के पूर्व खिलाड़ी काफी भड़के हुए हैं। सीरीज के पहले दो मैचों में जहां पाकिस्तानी बल्लेबाजी फ्लॉप रही वहीं तीसरे मैच में उसके गेंदबाज 331 का स्कोर नहीं बचा पाए। पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शोएब अख्तर टीम के इस प्रदर्शन पर काफी नाराज नजर आए। उन्होंने कहा कि अगर टीम इसी तरह प्रदर्शन करती रही तो देश में क्रिकेट को काफी खतरा हो जाएगा। उन्होंने टीम प्रबंधन को भी बुरी तरह लताड़ लगाई।

### केएल राहुल के साथ लंदन में हैं आथिया शेट्टी, भारतीय खिलाड़ी ने बताया पार्टनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम फिलहाल इंग्लैंड में है। टीम को अगले महीने चार तारीख से टेस्ट सीरीज में भाग लेना है। आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के अगले संस्करण की शुरुआत इस सीरीज से होगी। भारत को WTC के पहले एडिशन के फाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। केन विलियमसन की कप्तानी वाली कीवी टीम ने कोहली ऐंड कंपनी को आठ विकेट से हराया था। अब भारत की अगली चुनौती इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज है। इसकी शुरुआत चार अगस्त से हो रही है। इस दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खिलाड़ियों की पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को यूके साथ ले जाने की अनुमति दी है। बोर्ड चाहता था कि इस लंबे दौरे पर खिलाड़ी अपने करीबियों के साथ रहें। इस बीच खबर है कि केएल राहुल की कथित गर्लफ्रेंड अथिया शेट्टी भी टीम इंडिया के साथ इंग्लैंड गई है।

### बाबर आजम ने पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज गेंदबाज को दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने हाल ही में कहा था कि राष्ट्रीय टीम में सितारों की कमी है। अब अख्तर के इसी बयान पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के वर्तमान कप्तान बाबर आजम ने पटलवार किया है। एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाबर आजम ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपना 100 प्रतिशत दे रहे थे। इंग्लैंड की दूसरे दर्जे की टीम के हाथों पाकिस्तान को 3–0 से हार मिली है, जिसके बाद पाकिस्तान टीम पर सवाल उठ रहे हैं। 26 वर्षीय बल्लेबाज बाबर आजम ने कहा कि वह अख्तर के साथ बहस नहीं करेंगे या इस मामले पर अपनी टिप्पणी नहीं देंगे। मुझे लगता है कि आपको उनसे पूछना चाहिए कि कौन स्टार है और कौन नहीं।

# मेरा आइडिया सभी को एकसाथ और खुश रखना है

**क्रिकेट**

### कप्तानी पर पहली बार खुलकर बोले धवन, कहा– राहुल भाई के साथ बढ़िया जुगलबंदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवरों के उप कप्तान रोहित शर्मा के इंग्लैंड दौरे पर होने के कारण शिखर धवन की अगुवाई में कम अनुभवी टीम को श्रीलंका भेजा गया है. इसमें छह खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। नए कार्यक्रम के तहत पहला वनडे अब 18 जुलाई से खेला जाएगा। तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज के बाद टी–20 के भी इतने ही मुकाबले होंगे।

**सभी को खुश रखना मकसदः** फॉले द ब्लूज से खास बातचीत में शिखर धवन ने अपनी नई जिम्मेदारी पर खुलकर बातचीत की। कप्तानी पर धवन ने कहा कि यह मेरे लिए उपलब्धि है कि मुझे भारतीय टीम की कप्तानी मिली है। बतौर लीडर मेरा आइडिया सभी को एकसाथ और खुश रखना है क्योंकि यही सबसे अहम चीज है। हमारे पास



बढ़िया लड़के हैं, शानदार सपोर्ट स्टाफ है।

**राहुल भाई के साथ पहले भी काम कर चुकाः** गब्बर आगे कहते हैं, जब मैं इंडिया ए का कप्तान हुआ करता था तब राहुल द्रविड़ वहां कोच थे। जब वह एनसीए के डायरेक्टर बने उसके बाद 20 दिन के लिए मैं वहां गया था। हमारे बीच बढ़िया तालमेल है। जब मैंने रणजी ट्रॉफी खेलनी शुरू की तब राहुल भाई कई बार विरोधी टीम में होते। अब हम साथ में खेल रहे हैं। ये जुगलबंदी आपको मैदान पर भी देखने को मिलेगी।

**श्रीलंका दौरा युवाओं के लिए एक बड़ी बात होगीः** युवा खिलाड़ियों के बीच शिखी भाई के नाम से मशहूर धवन आगे कहते हैं कि, श्यंगस्टर्स को टीम में पाकर और उनके सपनों को सच होते देखकर खुशी हुई। यह बड़ी बात है कि ये युवा अपने–अपने गृहनगर से कुछ सपने लेकर आए हैं, और उनके सपने पूरे हो रहे हैं। और अब, उन्हें इस सफर का आनंद लेना चाहिए, जिसने उन्हें टीम इंडिया में उतारा। टीम में सीनियर हैं, इसलिए युवा उनसे सीखेंगे और इसके विपरीत, हमें युवाओं से सीखने को मिलेगा।

**श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉडः** शिखर धवन (कप्तान), पृथ्वी साव, देवदत्त पडिक्कल, ऋतुराज गायकवाड़, सूर्यकुमार यादव, मनीष पांडेय, हार्दिक पंड्या, नीतिश राणा, ईशान किशन (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, राहुल चाहर, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, भुवनेश्वर कुमार, (उपकप्तान) दीपक चाहर, नवदीप सैनी और चेतन सकारिया।

# डब्ल्यूटीसी के दूसरे एडिशन में पॉइंट्स सिस्टम में बड़ा बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे एडिशन के लिए पॉइंट्स सिस्टम का ऐलान कर दिया है। अगले महीने इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज से चैंपियनशिप का आगाज होगा। टीमों को जीत के लिए 12 अंक मिलेंगे वहीं मैच ड्रॉ होने पर चार अंक मिलेंगे और टाई होने पर छह अंक दिए जाएंगे। इससे पहले पिछले एडिशन में टीमों को सीरीज के आधार पर अंक दिए जाते थे। इसमें हर सीरीज जीत के 120 अंक होते थे और उसी के आधार पर मैचों के अंकों को बांटा जाता था।

आईसीसी के चीफ ऐग्जिक्यूटिव अधिकारी जैफ एलारडिस ने

हर मैच के लिए एक पॉइंट सिस्टम होना चाहिए

कहा कि ये बदलाव पॉइंट्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए किए गए हैं। आईसीसी का मानना है कि उसने पिछले संस्करण से सीख लेते हुए ये बदलाव किए हैं।

उन्होंने कहा, हमें पुराने पॉइंट सिस्टम को लेकर कुछ फीडबैक मिले थे कि इसे थोड़ा आसान करने की जरूरत है। क्रिकेट कमिटी ने इस बात पर विचार किया कि हर मैच के लिए एक पॉइंट सिस्टम होना चाहिए। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि WTC सीरीज का हर मैच हर टीम के लिए समान होगा। वहीं पुराने सिस्टम में सीरीज में दो से पांच मैच होते थे।

उन्होंने आगे कहा, कोरोना वायरस महामारी के कारण कई सीरीज पूरी नहीं हो पाईं। इस वजह से हमें पॉइंट्स सिस्टम में बदलाव करना पड़ा। हमने उपलब्ध पॉइंट्स सिस्टम का औसत निकाला। इससे हमें फाइनलिस्ट तय करने में मदद मिली। इस तरह हम चैंपियनशिप को तय समय में पूरा करने में सफल रहे। इनमें भारत–इंग्लैंड सीरीज के अलावा इस साल ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाली एशेज सीरीज शामिल है। ऑस्ट्रेलिया के अगले साल के भारत दौरे में चार टेस्ट मैच खेले जाएंगे। यह नए चक्र में चार मैचों की एकमात्र सीरीज होगी। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे एडिशन में भी पहले की ही तरह नौ टीमें छह सीरीज खेलेंगी।

### कोहली ने डब्ल्यूटीसी के दूसरे सीजन को लेकर दिया बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइसीसी ने बुधवार को बताया कि टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे सीजन में अंक प्रणाली किस तरह की होगी और शेड्यूल क्या होगा। आइसीसी की नई साइकिल के बारे में बात करते हुए विराट कोहली ने कहा कि, टीम इंडिया इसमें अपने क्रिकेट फैंस को ज्यादा से ज्यादा खुशी देने की कोशिश करेगी। विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पहले सीजन में फाइनल तक पहुंची थी, लेकिन पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक मैच में भारत को हार मिली थी और उसे उप–विजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। अब भारतीय कप्तान विराट कोहली ने आइसीसी की प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि, एक यादगार प्रतियोगिता में न्यूजीलैंड के खिलाफ आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलना बहुत अच्छा था। सिर्फ फाइनल ही नहीं, हमने चैंपियनशिप के पहले संस्करण के दौरान खिलाड़ियों का दृढ़ संकल्प देखा। यही नहीं क्रिकेट प्रेमियों को भी देखकर हमें बहुत अच्छा लगा और मुझे यकीन है कि वे सभी दूसरे संस्करण का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे।